दिन—सोमवार

दिनांक— 04 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः— 05 मिनट

---

पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। ताजा रूझानों के अनुसार पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी **एक सौ चौरानवे** सीटों पर आगे चल रही है जबकि तृणमूल कांग्रेस **बानवे** सीटों पर आगे चल रही है। असम में भाजपा **उनासी** जबकि कांग्रेस पच्चीस सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। इधर, तमिलनाडु में अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली पार्टी, टीवीके ने डीएमके और एआईएडीएम गठबंधनों को पीछे छोड़ दिया है। ताजा रूझानों में टीवीके को **एक सौ दस** सीटों पर बढ़त प्राप्त है। केरलम में कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ आगे चल रहा है जबकि केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में एनडीए आगे है। इधर, पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों की मतगणना भी जारी है।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। इस सीट पर एक मात्र प्रत्याशी भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने नामांकन किया है। इस आधार पर उनका निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। आज निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जायेगी। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के सीवान से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी।

———————————————————————————

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से को तीन महीने के भीतर ठीक कर लिया जायेगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि घटना की जांच के लिए आईआईटी पटना की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। श्री सिंह ने बताया कि इस मामले में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि आवागमन को सुचारू रखने के लिए वाहनों को मुंगेर के श्रीकृष्ण सिंह सेतु पर डायवर्ट किया गया है। साथ ही छोटे वाहनों के लिए नाव और स्टीमर की व्यवस्था की गई है। निगम के अध्यक्ष ने बताया कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से बात की गई है और आवश्यकता पड़ने पर सेना की भी मदद ली जायेगी। गौरतलब है कि कल रात भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु के चार और पांच नम्बर पिलर के बीच का स्लैब क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। आज गोपालगंज, सीवान, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के अधिकतर स्थानों पर बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, सुपौल और पश्चिम चंपारण जिलों में कुछ स्थानों पर धूल भरी आंधी के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिम, दक्षिण–पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बेलवैया मठिया गांव के पास आज सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तिलक समारोह से लौटी बस से उतर रहे लोगों के तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

———————————————————————————

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम कल बोधगया आयेंगे। हमारे संवाददता ने बताया कि वे महाबोधि मंदिर और वियतनाम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। राष्ट्रपति लाम के आगमन को लेकर बोधगया और गयाजी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

————————————————————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकारण के तत्वावधान में आज से ई—स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई। यह ई—स्पोर्ट्स का तीसरा संस्करण है, जिसमें चेस डॉट कॉम, ई—फुटबाल, ईएएफसी ट्वेंटी सिक्स, बीजीएमआई और स्ट्रीट फायटर सिक्स जैसे गेम शामिल हैं। सभी खिलाड़ी ऑनलाइन गेम में भाग ले रहे हैं। वहीं, सोलह मई को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जायेगा।

————————————————————————————————————

समाप्त